# कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, सुल्तानपुर

Email- cdosultanpur@gmail.com Phone No.:- 05362-241330

**जनपद–सुलतानपुर के जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के कार्यो की दिनांक 15.05.2026 को सम्पन्न समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त –**

**बैठक में निम्नलिखित अधिकारी / कर्मचारी / एजेसियों के फर्म प्रतिनिधि उपस्थित थे।**

1. **श्री वकार हुसैन**, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सुलतानपुर।
2. **श्री मनीष सिंह**, परि0प्र0, मेसर्स विध्या टेलीलिंक–गाजा (जे0वी0), सुलतानपुर।
3. **श्री हरेन्द्र भाम्भू**, परि0प्र0 मेसर्स यू0एम0पी0ई0एस0एल0, सुलतानपुर।
4. **श्री अंकित उपाध्याय** परि0प्र0, मेसर्स गायत्री–रैमकी (जे0वी0) / एम0आई0आर0पी0पी0एल0, सुलतानपुर।
5. **श्री अनिल साह**, डी0पी0एम0, मेसर्स फिचनर, टी0पी0आई0, सुलतानपुर।

जनपद सुलतानपुर में ग्रामीण क्षेत्रों को पाइप पेयजल योजना से आच्छादन हेतु 40 नग पुरानी पाइप पेयजल योजना एवं नई 658 नग पाइप पेयजल योजनाओं से किया जाना है। जिसमें पुरानी 40 नग योजनाओं का निर्माण पूर्व में जल निगम द्वारा किया गया था। जिस पर संचालन एवं अनुरक्षण की धनराशि न होने के कारण योजनायें बंद / आंशिक जलापूर्ति मे है। पुरानी पाइप पेयजल योजनाओं के अनुरक्षण एवं संचालन हेतु जल निगम मुख्यालय स्तर से निविदा आमत्रित कर जनपद सुलतानपुर में मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी को नामित किया गया है। मेसर्स यूनिवर्सल द्वारा पुरानी 40 नग पाइप पेयजल योजनाओं का अनुरक्षण एवं संचालन का डी0पी0आर0 तैयार कर स्वीकृति हेतु जल निगम मुख्यालय माह अगस्त, 2025 तक प्रेषित किया जा चुका है। जिनकी स्वीकृति उपरान्त पुरानी पाइप पेयजलयोजनाओं का अनुरक्षण एवं संचालन 10 वर्ष तक मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी द्वारा किया जायेगा। वर्तमान में फर्म द्वारा 07 नग पेयजल योजनाओं को आंशिक / पूर्ण क्षमता पर संचालन करवाया जा रहा है।

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत फेज–02 एवं फेज–03 में कुल तीन फर्मो को पाइप पेयजल योजना के निर्माण हेतु नामित किया गया है। जिनके द्वारा कुल 658 नग पाइप पेयजल योजनाओं का निर्माण कराया जा रहा है। योजनाओं की प्रगति का विवरण निम्नानुसार है–

**मेसर्स गायत्री–रैमकी (जे0वी0)**–जनपद सुलतानपुर में फेज 02 के अन्तर्गत 67 राजस्व में 49 नग पेयजल योजना का निर्माण कार्य कराया जा रहा है प्रगति निम्नानुसार है–

| क्र0 सं0 | प्रस्तावित कार्य | लक्ष्य | कार्य पूर्ण की स्थिति दिनांक 03.04.26 | कार्य पूर्ण की स्थिति दिनांक 04.05.26 | कार्य पूर्ण की स्थिति दिनांक 15.05.26 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शिरोपरि जलाशय | 49 नग | 26 नग | 27 नग | 28 नग |
| 2 | नलकूप | 70 नग | 70 नग | 70 नग | 70 नग |
| 3 | पम्पहाउस | 70 नग | 66 नग | 66 नग | 66 नग |
| 4 | सोलर अधिष्ठापन | 70 नग | 44 नग | 44 नग | 45 नग |
| 5 | पाइप लाइन | 1065 किमी0 | 1057 किमी0 | 1057 किमी0 | 1060 किमी0 |
| 6 | एफ0एच0टी0सी0 कनेक्शन | 34733 नग | 34967 नग | 35076 नग | 35076 नग |
| 7 | पूर्ण योजनाओं की संख्या | 49 नग | 07 नग | 07 नग | 07 नग |
| 8 | जलापूर्ति हो रही ग्रामों की संख्या | 67 ग्राम | 18 नग | 31 नग | 40 नग |
| 9 | हर घर जल सर्टिफिकेशन | 67 नग | 17 नग | 18 नग | 18 नग |

**अधिशासी अभियन्ता**, जल निगम(ग्रामीण), सुलतानपुर द्वारा अवगत कराया गया कि विगत बैठक से मात्र 01 नग उच्च जलाशय व 01 नग सोलर अधिष्ठापन ही फर्म द्वारा पूर्ण किया गया है जिस पर श्री अंकित उपाध्याय, प्रोजेक्ट मैनेजर से पूछने पर अवगत कराया गया कि बिलो के भुगतान राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ से निरन्तर नहीं हो रहे है, जिस कारण कुछ कठिनाईया आई है। माह जुलाई, 2026 तक समस्त योजनाओं के कार्य पूर्ण करने का वर्क प्लान राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ में प्रस्तुत किया गया है, जिस पर प्रोजेक्ट मैनेजर से पूछा गया कि 90-99% के बीच 5 योजना, 80-89% के बीच 8 योजना, 70-79% के बीच 13 व 60-69% के

बीच कुल 16 योजना योजना है, 02 महीने में कैसे पूरा किया जायेगा, जिस पर मेसर्स गायत्री–रैमकी जेवी/ मिलेनियम इन्फ्रा रियलिटी प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा बताया गया कि पाइप लाइन का कार्य योजनाओं पर पूर्ण है, उच्च जलाशय, हाउस कनेक्शन व पाइप ज्वाइंटिंग करते हुये योजनाओं में पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करनी है। जिस पर अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण) द्वारा बताया गया कि वर्तमान में मात्र 78 नग मैनपावर ही गायत्री रैमकी जेवी/मिलेनियम इन्फ्रा रियलिटी प्रो0 की साइट पर उपलब्ध है। जिससें दिसम्बर, 2026 तक भी कार्य पूर्ण कराया नहीं जा सकता है। श्री अंकित उपाध्याय प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा बताया गया कि फर्म के हेड ऑफिस हैदराबाद से कार्य कराने व लेबर बढाने हेतु धनराशि नहीं दी जा रही है जिस कारण कार्य की प्रगति धीमी है। फर्म की हेड ऑफिस से शीघ्र धनराशि नही मिली तो योजनाओं पर जो कार्य प्रगति पर है वह भी बंद हो जायेगें। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण) को निर्देश दिये गये कि फर्म को नोटिस जारी करायें।

- **मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक–गाजा (जे0वी0)**–जनपद सुलतानपुर में फेज–03 के अन्तर्गत 1260 राजस्व में 482 नग पेयजल योजना का निर्माण कार्य कराया जा रहा है प्रगति निम्नानुसार है–

| क्र0 सं0 | प्रस्तावित कार्य | लक्ष्य | कार्य पूर्ण की स्थिति दिनांक 03.04.26 | कार्य पूर्ण की स्थिति दिनांक 04.05.26 | कार्य पूर्ण की स्थिति दिनांक 15.05.26 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शिरोपरि जलाशय | 484 नग | 89 नग | 89 नग | 91 नग |
| 2 | नलकूप | 515 नग | 514 नग | 514 नग | 514 नग |
| 3 | पम्पहाउस | 515 नग | 482 नग | 483 नग | 483 नग |
| 4 | सोलर अधिष्ठापन | 515 नग | 391 नग | 393 नग | 394 नग |
| 5 | पाइप लाइन | 10431 किमी0 | 10355 किमी0 | 10367 किमी0 | 10367 किमी0 |
| 6 | एफ0एच0टी0सी0 कनेक्शन | 249595 नग | 238997 नग | 239677 नग | 239677 नग |
| 7 | पूर्ण योजनाओं की संख्या | 482 नग | 26 नग | 26 नग | 26 नग |
| 8 | जलापूर्ति हो रही ग्रामों की संख्या | 1260 ग्राम | 152 नग | 202 नग | 210 नग |
| 9 | हर घर जल सर्टिफिकेशन | 1260 नग | 89 नग | 89 नग | 89 नग |

फर्म मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक–गाजा जे0वी0 के परियोजना प्रबन्धक श्री मनीष सिंह से योजनाओं को पूर्ण कराने के सम्बन्ध में जानकारी की गई जिस पर प्राजेक्ट मैनेजर द्वारा बताया गया कि साइट पर लेबर है जिसे बढ़ाया जा रहा है। फर्म की 80-99% के बीच 191 योजनाएं है, जिनको अगामी 03 माह में पूर्ण कराने की प्राथमिकता है। 80% से अधिक प्रगति वाली योजनाओं पर टैंक अधिष्ठापित है व पाइप लाइन, हाउस कनेक्शन, सोलर अधिष्ठापन के कार्य भी पूर्ण कर लिये गये है। राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ से धनराशि उपलब्ध न होने के कारण लेबर में बढ़ोत्तरी नहीं हो पा रही है। राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन में लगभग रू0 150 करोड़ के बिलो के भुगतान की Liability है। राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ से धनराशि न आने के कारण विन्ध्या टेलीलिंक–गाजा जेवी के हेड ऑफिस से भी कार्यो को पूर्ण करने हेतु सपोर्ट कम किया जा रहा है और धनराशि भी नहीं दी जा रही है। कार्य पर मैनपावर बढ़ाने हेतु हेड ऑफिस से धनराशि की मांग निरन्तर की जा रही है, जिसके लिए ई–मेल भी किये गये है परन्तु धनराशि की उपलब्धता विन्ध्या टेलीलिंक–गाजा जेवी के हेड ऑफिस से नहीं हो रही है। फर्म को नोटिस कराने हेतु अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), को निर्देशित किया गया।

- **मेसर्स यूनिवर्सल एम0ई0पी0 प्रो0 प्रा0लि0**–जनपद सुलतानपुर में फेज–03 के अन्तर्गत 310 राजस्व में 127 नग पेयजल योजना का निर्माण कार्य कराया जा रहा है प्रगति निम्नानुसार है–

| क्र0 सं0 | प्रस्तावित कार्य | लक्ष्य | कार्य पूर्ण की स्थिति दिनांक 03.04.26 | कार्य पूर्ण की स्थिति दिनांक 04.05.26 | कार्य पूर्ण की स्थिति दिनांक 15.05.26 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शिरोपरि जलाशय | 134 नग | 106 नग | 113 नग | 114 नग |
| 2 | नलकूप | 179 नग | 179 नग | 179 नग | 179 नग |
| 3 | पम्पहाउस | 179 नग | 177 नग | 178 नग | 178 नग |
| 4 | सोलर अधिष्ठापन | 179 नग | 169 नग | 172 नग | 172 नग |
| 5 | पाइप लाइन | 3082 किमी0 | 3056 किमी0 | 3062 किमी0 | 3062 किमी0 |
| 6 | एफ0एच0टी0सी0 कनेक्शन | 80484 नग | 79915 नग | 79985 नग | 79985 नग |
| 7 | पूर्ण योजनाओं की संख्या | 127 नग | 76 नग | 80 नग | 80 नग |
| 8 | जलापूर्ति हो रही ग्रामो की संख्या | 310 ग्राम | 257 नग | 275 नग | 285 नग |
| 9 | हर घर जल सर्टिफिकेशन | 310 नग | 146 नग | 154 नग | 159 नग |

फर्म मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी के प्रोजेक्ट मैनेजर, श्री हारेन्द्र भाम्बू से शेष कार्यों को पूर्ण कराने की जानकारी चाही गई, जिस पर श्री हरेन्द्र भाम्बू प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा बताया गया कि दिनांक 15 जून, 2026 तक 80-90% तक योजनाओं के कार्य पूर्ण कर लिए जायेगें व शेष 70-79% की 5 योजनाओं के उच्च जलाशय भी दिनांक 30.06.2026 तक पूर्ण हो जायेगें व योजनाओं में शेष पाइप लाइन, ज्वाइंटिंग एवं कैम्पस डेवलपमेंट के कार्यों को माह जुलाई, 2026 तक पूर्ण कर लिया जाएगा तथा यह भी अवगत कराया गया कि UPEIDA से योजनाओं में NOC प्राप्त नहीं हुई है जिसके कारण पाइप लाइन क्रासिंग नहीं हुई है उन्ही योजनाओं के 1–2 मजरों में जलापूर्ति कराना छूटा हुआ है जैसे ही NOC प्राप्त होगी वहां भी पाइप लाइन क्रासिंग कराकर पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करा दिया जायेगा। NOC से प्राप्त करने हेतु निरन्तर UPEIDA से सम्पर्क किया जा रहा है। फर्म से Payment Liability पूछने पर बताया गया कि राज्य पेजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ पर फर्म की भुगतान की कोई भी Liability शेष नहीं है।

अधिशासी अभियन्ता जल निगम(ग्रामीण), सुलतानपुर द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि UPEIDA/ Forest/ Railway/NHAI से पाइप लाइन क्रासिंग हेतु NOC प्राप्त करने में मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी फर्म द्वारा समस्त क्रासिंग हेतु आवेदन किया जा चुका है एवं NOC भी प्राप्त हो रही है परन्तु विन्ध्या टेलीलिंक–गाजा जेवी व गायत्री–रैमकी जेवी / मिलेनियम इन्फा रियलिटी द्वारा NOC प्राप्त करने हेतु प्रयास नहीं किया जा रहा है जिस कारण अधिक क्रासिंग शेष है।

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण), सुलतानपुर द्वारा यह भी अवगत कराया गया है कि विन्ध्या टेलीलिंग जेवी द्वारा जिन योजनाओ पर आपरेटर लगाकर पेयजल आपूर्ति की जा रही है व चौकीदार रखे गये है उन योजनाओं पर आपरेटर व चौकीदार को 5–6 महीने से भुगतान नहीं दिया गया व जिन्हें दिये गया है उन्हे पिछली सैलरी से आधी सैलरी कर दी गई है जिसकी शिकायते प्राप्त हो रही है एवं अपने पेटी कान्टेक्टर द्वारा किये गये कार्यों का भुगतान भी फर्म विन्ध्या टेलीलिंक–गाजा जेवी व गायत्री रैम्की जेवी / मिलेनियम इन्फा द्वारा नहीं किया जा रहा है जिसकी लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही है।

ग्राम मे रोड रेस्टोरेशन की स्थिति से श्री अनिल साह, डी0पी0एम0, फिचनर, टी0पी0आई0, सुलतानपुर द्वारा अवगत कराया गया कि 80% रोड रेस्टोरेशन का कार्य फर्मो द्वारा पूर्ण कराया जा चुका है 15% रोड रेस्टोरेशन पूर्ण होने के उपरान्त बैठ गया है, 5% रोड रेस्टोशन ही शेष है। जिस पर अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), सुलतानपुर द्वारा अवगत कराया गया कि आई0जी0आर0एस0 शिकायतों में भी रोड रेस्टोरेशन की शिकायतें मात्र 2–3 आ रही है वो भी जहां लीकेज या नये कनेक्शन देने में रोड तोड़ी गई है वहां से ही प्राप्त हो रही है। श्री अनिल साह को निर्देश दिए गये कि दिनांक 30.05.2026 तक ग्रामवार रोड रेस्टोरेशन की रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), सुलतानपुर द्वारा अवगत कराया गया कि नल जल मित्र कार्यक्रम में 1441 व्यक्तियों को नामांकन किये जाने थे जिसके सापेक्ष 1270 व्यक्तियों का नामांकन किया जा चुका है, जल सेवा आंकलन 281ग्रामों में किया जाना था जिसके सापेक्ष 280 ग्रामों में जल सेवा आंकलन किया जा चुका है। अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद की सोर्स सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0 / या0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जिसको राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को प्रेषित किया जाना है, जिस पर अधिशासी अभियन्ता को निर्देश दिये गये कि रिपोर्ट को राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को प्रेषित करें।

**जल जीवन मिशन कार्यों की प्रगति बढ़ाने हेतु निम्नानुसार निर्देश दिये जाते है–**

1. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण, सुलतानपुर को निर्देशित किया गया है कि तीनों फर्मो से उच्च जलाशय, हाउस कनेक्शन, सौलर, पम्पहाउस व अन्य कार्यों पर लगी लेबर का स्थलवार विवरण प्राप्त कर सत्यापन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये।
2. फर्मो को निर्देश दिये गये कि पाइप लाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त मार्गो को पुर्नस्थापित करने हेतु प्रत्येक पेयजल योजनाओं / ग्रामों में सड़क पुर्नस्थापना में प्रयुक्त होने वाली सामाग्रियों को पेयजल योजनावार आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए यथाशीघ्र पुर्नस्थापित कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।
3. कार्यदायी फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि जिन योजनाओं में कार्य पूर्ण है एवं नियमित जलापूर्ति की जा रही व आंशिक कार्य शेष है उनको शीघ्र पूर्ण कराते हुये योजनाओं को अनुरक्षण एवं संचालन में ले जाना सुनिश्चित करें।
4. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सुलतानपुर को निर्देशित किया गया कि पेयजल योजनायें जहां धनराशि न होने के कारण कार्य बंद थे जिन पर समाचार पत्र में निगेटिव खबरें प्रकाशित हो रही है की सूची तैयार कर फर्मो से प्राथमिकता पर अधिक से अधिक मैनपावर व मशीनरी लगाकर कार्यों को पूर्ण करवायें जिससे नकारात्मक खबरे समाचार पत्र में प्रकाशित न हों।

M/

5. अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण व कार्यदायी फर्मों के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि योजनाओं में पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करें तथा प्रत्येक माह नियमित रूप से जल गुणवत्ता की जाँच करायें।

6. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सुलतानपुर को निर्देशित किया गया कि तीनो फर्मो को अवशेष कार्यों के सापेक्ष कम मैनपावर व कार्य पूर्ण न करने के लिए नोटिस जारी करायें।

7. तीनों फर्मो के प्रोजेक्ट हेड को निर्देशित किया गया कि माह मार्च 2026 से आपको भुगतान प्राप्त हो रहे है। आपके द्वारा दी गयी समयसीमा पर कार्यस्थलो पर मैनपावर उपलब्ध रहे।

(विनय कुमार सिंह)
मुख्य विकास अधिकारी
सुलतानपुर।

पृ0सं0 2118 / W-30 / 29 दिनांक 18/05/2026

प्रतिलिपिः-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-
1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी, सुलतानपुर।
3. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या कैम्प-सुलतानपुर।
5. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सुलतानपुर।
6. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय(वि0 / या0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या।
7. मेसर्स फिचनर-टी0पी0आई0, सुलतानपुर।
8. डिस्ट्रिक्ट-को ऑर्डिनेटर, डी0पी0एम0यू0-आरवी एसोसिएट्स, सुलतानपुर।
9. श्री मनीष सिंह, परि0प्र0, मेसर्स विध्या टेलीलिंक-गाजा (जे0वी0), सुलतानपुर।
10. श्री हरेन्द्र भाम्बू, परि0प्र0, मेसर्स यू0एम0पी0ई0एस0एल0, सुलतानपुर।
11. श्री अंकित उपाध्याय, परि0प्र0, मेसर्स गायत्री -रैमकी (जे0वी0) / एम0आई0आर0पी0पी0एल0, सुलतानपुर।

मुख्य विकास अधिकारी
सुलतानपुर।